Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish a Cotton University and a Cotton Processing Industry in Parbhani Parliamentary Constituency, Maharashtra

श्री संजय जाधव (परभणी): महाराष्ट्र का मराठवाड़ा क्षेत्र कपास के लिए विश्व प्रसिद्ध है । यहाँ के किसानों की जीविका चलाने का मुख्य साधन कपास उत्पादन है । कपास की खेती कर किसान अपने परिवार का भरण-पोषण और अपने बच्चों को शिक्षा देते हैं । कपास से रूई निकाल कर कपड़े भी बनाये जाते हैं लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र परभणी में कॉटन प्रोसेस इंडस्ट्री नहीं होने के कारण यहाँ के कपास किसानों को तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिसमें उन्हें काफी लागत आती है और कोई लाभ नहीं होता है । यदि मेरे संसदीय क्षेत्र परभणी में कॉटन यूनिवर्सिटी तथा कॉटन प्रोसेस इंडस्ट्री का निमार्ण होता है तो यहाँ के किसानों को कॉटन निर्माण के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा उनका खर्चा भी बचेगा और वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे पायेंगे । क्षेत्रीय जनता को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, बेरोजगारी दूर होगी । इसके साथ - साथ राज्य एवं केन्द्र सरकार को अच्छा राजस्व भी मिलेगा ।

अत: मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र परभणी (महाराष्ट्र) में कॉटन यूनिवर्सिटी तथा कॉटन प्रोसेस इंडस्ट्री को स्थापित करने की कृपा करें जिससे कपास किसानों को फायदा मिल सके ।